## न्यूज डायरी




### स्विटजरलैंड व अमेरिकी राजनयिकों की हो रही कीव वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस के हमले के बाद यूक्रेन में अपने दूतावासों को अधिकतर देशों ने बंद कर दिया था। अब करीब तीन माह बाद अमेरिका व स्विटजरलैंड ने यूक्रेन की राजधानी कीव में अपने दूतावासों को दोबारा खोलने का फैसला लिया है। इसके अलावा कई पश्चिमी देश हैं जो कीव में अपने दूतावासों को खोल रहे हैं। स्विटजरलैंड का दूतावास पांच स्टाफ के साथ खुल रहा है जिसमें देश के राजदूत भी शामिल हैं। ये सभी अगले कुछ दिनों में यूक्रेन की राजधानी भेज दिए जाएंगे। यह जानकारी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई है। करीब ढाई माह पहले दूतावास को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था। अमेरिका ने भी तीन माह बाद यूक्रेन में अपने दूतावास को दोबारा खोला है। जब रूस ने हमला किया था तभी अमेरिका ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया या फिर देश के दूसरे शहर लवीव या पड़ोसी पोलैंड में स्थानांतरित करा दिया था। अब ये सभी वापस कीव पहुंच रहे हैं।

### अफगानिस्तान के बल्ख में जोरदार धमाका, तीन लोगों के घायल होने की खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बल्ख (अफगानिस्तान)। उत्तरी अफगानिस्तान में बल्ख प्रांत के मजार–ए–शरीफ में गुरुवार को जोरदार धमाका हुआ है। इस धमाके में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि घायलों, जो राष्ट्रीय सेना के नागरिक कर्मचारी हैं, को सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि विस्फोट सुबह हुआ। इस दौरान असैन्य कर्मचारियों की एक मिनी बस को निशाना बनाया गया। अभी तक किसी समूह या व्यक्ति ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि तालिबान ने पिछले साल अगस्त में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को गिराने के बाद अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में इन दिनों हिंसक घटनाओं में इजाफा हुआ है। इस्लामिक स्टेट की ओर से अधिकांश घटनाओं को अंजाम देने का दावा किया गया है।

### चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय नेवी को बढ़ानी होगी अपनी क्षमता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नेपीदा। चीन म्यांमार के संबंधों पर करीब से नजर रखने वाले एक्सपर्ट ने चीन से टक्कर लेने के लिए भारतीय नौसेना को सशक्त करने और इनकी क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर दिया है। एक्सपर्ट ने आगाह करते हुए कहा, म्यांमार के बंदरगाहों के जरिए चीन के कदम भारत की ओर बढ़ रहे हैं ताकि यह हिंद महासागर पर कब्जा कर सके और इसी का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय नेवी को अपनी क्षमताओं में इजाफा करना होगा। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से चीन हिंद महासागर में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिका और भारत भी उसे रोकने के लिए साझा प्रयास करते रहे हैं। दोनों ही देशों के हित चीन की बढ़ती गतिविधियों से प्रभावित होते हैं। बता दें कि चीन ने अपनी नौसेना के लिए बड़ी योजना तैयार की है।

### क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे राष्ट्रपति जो बाइडन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) देशों के नेताओं का शिखर सम्मेलन 24 मई को टोक्यो में आयोजित होने वाला है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेने वाले हैं। इस हफ्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन दक्षिण कोरिया और जापान के साथ महत्वपूर्ण सुरक्षा गठबंधनों की पुष्टि करने के लिए एशिया की यात्रा करेंगे,और क्वाड शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। हिंद–प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता और खुलेपन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। टोक्यो में, बाइडन आस्ट्रेलिया, जापान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के क्वाड नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। बाइडेन की यात्रा से पहले एक प्रेस वार्ता में बोलते हुए, एनएसए जेक सुलिवन ने कहा कि यह भारत–प्रशांत क्षेत्र के राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली यात्रा है, जिसका उपयोग वह दुनिया के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अमेरिकी नेतृत्व का दावा करने के लिए करेंगे।

# सरकार विरोधी हिंसा के दौरान शूट एट साइट के आदेश नहीं

## श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक संकट जारी, हो रहा विरोध प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक संकट जारी है। देश में सरकार के विरोध में प्रदर्शन हो रहा है। श्रीलंकाई प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को संसद में बताया कि रक्षा मंत्रालय को देश में जारी सरकार विरोधी हिंसा के दौरान शूट एट साइट के आदेश नहीं जारी किए गए हैं। 10 मई को श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने आर्मी, एयरफोर्स व नेवी को सार्वजनिक संपत्ति पर हमला करने वाले किसी भी नागरिक पर फायरिंग करने के आदेश दिए थे। राजपक्षे व उनके करीबियों की संपत्तियों पर हिंसक भीड़ ने हमला कर दिया था। बता दें कि देश में हिंसा की शुरुआत से लेकर अब तक कुल आठ लोगों की मौत हो चुकी है और 250 से अधिक लोग जख्मी हैं।



विक्रमसिंघे ने कहा कि इस तरह का कोई भी लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पुलिस अपने विवेक के अनुसार फायरिंग को लेकर फैसला ले सकती है। उन्होंने बताया कि संसद के कुछ सदस्यों की संपत्तियों पर भी पिछले सप्ताह हमला हुआ लेकिन शूट आन साइट के आर्डर नहीं जारी किए गए। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने पिछले सप्ताह बताया कि आगे हिंसा को रोकने के लिए शूट आन साइट के आदेश जारी कर दिया था। कोलंबो व देश के अन्य हिस्सों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस व सेना को तैनात किया गया है।

आजादी के बाद सबसे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटाबाया से इस्तीफा देने की मांग के लिए देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। स्थानीय अखबार श्इकोनमी नेक्स्टश की रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) के सांसद एमए सुमंथिरन ने राष्ट्रपति राजपक्षे के प्रति नाराजगी जताने वाले निंदा प्रस्ताव पर बहस के लिए संसद के स्थायी आदेशों को स्थगित करने का प्रस्ताव पेश किया था।

**सत्तारूढ़ दल के सांसद को चुना गया डिप्टी स्पीकरः** श्रीलंका की संसद ने मंगलवार को तीखी बहस के बाद गुप्त मतदान के जरिये सत्तारूढ़ दल श्रीलंका पोडुजना पेरेमुना (एसएलपीपी) के सांसद अजित राजपक्षे को डिप्टी स्पीकर चुन लिया। रानिल विक्रमसिंघे को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने के बाद यह संसद की पहली बैठक थी। अजित को 109 वोट मिले, जबकि मुख्य विपक्षी दल एसजेबी की रोहिणी कविरत्ने को 78 मतों से संतोष करना पड़ा। अजित का सत्तारूढ़ राजपक्षे परिवार से कोई संबंध नहीं है, लेकिन वह उन्हीं के हंबनटोटा जिले से आते हैं।

## उत्तर जर्मनी के स्कूल में ताबड़तोड़ फायरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। जमनी के एक स्कूल में फायरिंग की खबर है। बताया जा रहा है उत्तर जर्मनी के एक स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग हुई है। गोलीबारी में एक शख्स घायल हो गया है। वहीं, मुस्तैद पुलिस की टीम ने आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि घायल शख्स की हालत गंभीर है। आरोपी ने फायरिंग क्यों की, इसकी पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपी को शिकंजे में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। फायरिंग की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार को उत्तरी शहर ब्रेमेरहेवन में एक जर्मन स्कूल में गोलियां चलाई गईं और एक व्यक्ति घायल हो गया, जो छात्र नहीं था। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद एक हथियारबंद व्यक्ति को पुलिस हिरासत में ले लिया गया और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने एक बयान में कहा, छात्र अपने शिक्षकों के साथ अपनी कक्षाओं में हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। जर्मन पेपर बिल्ड ने कहा कि घायल व्यक्ति एक महिला थी। बिल्ड ने यह भी बताया कि एक दूसरा संदिग्ध भाग रहा था। यह पहले बताया गया था कि वे एक क्रॉसबो से लैस थे।



## राजा की कब्र में मिला 1.5 किग्रा सोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बुल्गारिया। यह साइट अपने आप में इतिहास के एक बड़े हिस्से को दफन किए हुए है। अब तक यहां 294 कब्रों की खोज की जा चुकी है जिसमें से लगभग 3000 सोने की कलाकृतियां मिली हैं। बुल्गारिया के पुरातत्वविभाग ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। पुरातत्वविदों ने कई कब्रें की खुदाई की लेकिन इनमें एक कब्र सबसे अलग थी। कब्र नंबर 43 से पुरातत्वविदों को जो अवशेष मिले वे किसी शासक या नेता के प्रतीत हो रहे थे। कब्र नंबर 43 की खोज 1974 में वर्ना नेक्रोपोलिस के मध्य भाग में हुई थी। कब्र में मिले अवशेष 40 से 45 आयु वर्ग के एक पुरुष के थे।

## पुतिन की बेटी कैटेरीना म्यूनिख के डांसर जेलेंस्की को कर रही डेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बेटी कैटेरीना तिखोनोवा के बॉयफ्रेंड का नाम जेलेंस्की है जो पुतिन के श्सबसे बड़े दुश्मनश यूक्रेनी राष्ट्रपति का भी नाम है। रिपोर्ट्स में इसकी जानकारी दी गई है। यूक्रेन पर हमले के पुतिन के फैसले ने उनके आसपास के लोगों को भी प्रभावित किया है। इसका असर पुतिन की बेटी पर भी पड़ा है जिसकी वजह से कैटेरीना मॉस्को से म्यूनिख अपने बॉयफ्रेंड से मिलने नहीं जा पा रही हैं, जब उनके साथ रूसी खुफिया सुरक्षा गार्ड होते थे।

डेलीमेल की खबर के अनुसार कैटेरीना के पार्टनर, जिनके साथ उनकी एक बेटी भी है, का नाम इगोर जेलेंस्की है। जेलेंस्की एक प्रोफेशनल बैले डांसर और डायरेक्टर हैं। रूस के एक स्वतंत्र आउटलेट ‘प्जवतपमे और जर्मनी के क्मत˝चपमहमस की खोज में यह खुलासा हुआ है। कैटेरीना पुतिन की छोटी बेटी हैं जिनकी मां क्रेमलिन की पूर्व प्रथम महिला ल्यूडमिला अलेक्जेंड्रोवना ओचेरेत्नाया हैं। पुतिन और ल्यूडमिला की शादी 1983 में और तलाक 2013 में हुआ था।

**दो साल में 50 बार किया मॉस्को से म्यूनिख का सफर**

पहले कैटेरीना की शादी रूस के सबसे युवा अरबपति किरिल शामलोव के साथ हुई थी। 2017 में दोनों अलग हो गए जब कैटेरीना बैले डांसर के साथ रिलेशनशिप में आ गईं। बैले डांसर जेलेंस्की की पूर्व पत्नी कोरियोग्राफर याना सेरेब्रीकोवा थीं जिनसे उन्हें दो बेटियां और एक बेटा है। पुतिन पश्चिमी देशों में रहने वाले रूसियों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हैं। जबकि उनकी बेटी अक्सर अपने बॉयफ्रेंड के साथ समय बिताने के लिए सरकारी सुरक्षा के साथ म्यूनिख जाती थी। इस साल की शुरुआत और यूक्रेन युद्ध तक ऐसा प्रतीत होता है कि वे दोनों साथ–साथ रह रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो साल तक, 2017 से 2019 तक छोटी बच्ची की मां ने दर्जनों बार मॉस्को से म्यूनिख के बीच सफर किया।

## अमेरिका–चीन में छिड़ी जंग, बन रहा स्पेस नाटो!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया में एक नई विश्व व्यवस्था बनती दिख रही है। उधर, धरती से हजारों किमी दूर चांद पर यह बड़ा बदलाव पहले से ही शुरू हो गया है। करीब 50 साल पहले अपोलो और स्पुतनिक मिशन की तरह से ही दुनिया के नेता अब एक बार फिर से अंतरिक्ष में आधिपत्य स्थापित करने की होड़ में जुट गए हैं। हालांकि पहले की तुलना में इसमें एक अंतर है। 1960 से 70 के दशक में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच संयुक्त राष्ट्र में नियम निर्धारित थे लेकिन अभी दुनिया की शीर्ष महाशक्तियां भविष्य में होने वाले अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूलभूत सिद्धांतों पर भी सहमत नहीं हो पा रही हैं।

एक अनुमान के मुताबिक चांद पर बड़े पैमाने पर हीलियम 3 छिपी हुई है और इसीलिए दुनियाभर के देश इसके पीछे भाग रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक 3 चम्मच हीलियम–3 धरती के 5000 टन कोयले के बराबर है। एलन मस्क, जेफ बेजोस जैसे अरबपतियों से लेकर रवांडा और फिलीपीन्स तक खुद का सैटलाइट लॉन्च कर रहे हैं।